चाईबासा जागरण
www.jagran.com · दैनिक जागरण जमशेदपुर, 23 फरवरी, 2025 | 3

# फुटबाल में स्वर्णरेखा व क्रिकेट में दामोदर हाउस ने ज़ीता खिताब

- जीत-हार किसी भी खेल के दो पहलू, आगे बढ़ने की मिलती प्रेरणा : डा. मनोज झा
- इस्टीम्‍ पब्लिक स्कूल में इंटर हाउस फाइनल क्रिकेट टूर्नामेंट व फुटबाल मैच संपन्न



विजेता टीम के खिलाड़ी को पुरस्कार प्रदान करते अतिथि • जागरण

संस, जागरण • चाईबासा : इस्टीम पब्लिक स्कूल में इंटर हाउस फाइनल क्रिकेट टूर्नामेंट एवं फुटबाल मैच का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम फुटबाल के मुकाबले में फाइनलिस्ट टीम स्वर्णरेखा हाउस और यमुना हाउस के बीच खिताबी मुकाबला खेला गया जिसमें स्वर्णरेखा हाउस ने दो गोल दाग कर मुकाबले को अपने पक्ष में कर विजेता का खिताब अपने नाम कर लिया। पिछली बार की चैंपियन रही यमुना हाउस सिर्फ एक ही गोल कर पाई। वहीं क्रिकेट का फाइनल मुकाबला भी रोमांचक रहा। कैप्टन गौरव पाठक और ओपनर मानिक देवगम के शानदार प्रदर्शन के बल पर दामोदर हाउस की टीम ने निर्धारित 10 ओवर में 88 रनों का स्कोर खड़ा किया। टारगेट का पीछा करने उतरी दामोदर हाउस की टीम के हीटर गोरांग गिरि ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की, उनके आउट होने के बाद रन की गति थोड़ी धीमी हो गई लेकिन 17 गेंद शेष रहते ही दामोदर हाउस की टीम ने 89 रन बनाकर मुकाबले को अपने नाम कर ली। पुरस्कार वितरण सह समापन समारोह में मुख्य अतिथि डा. मनोज कुमार झा, गौरव झा एवं प्राचार्य टी. कुमार द्वारा विजेता और उपविजेता टीमों को ट्राफी देकर व मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। चेयरमैन डा. मनोज कुमार झा ने अपने वक्तव्य में विद्यार्थियों के प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुए जीत-हार को खेल के ही दो पहलू बताकर, निरंतर प्रयासरत बने रहने की बात कही। उपनिदेशक गौरव झा ने सभी को संबोधित करते हुए मन के साथ-साथ शरीर को स्वस्थ रखने हेतु खेलकूद में सहभागिता को महत्वपूर्ण बताते हुए टीमवर्क और अनुशासन की महत्ता को रेखांकित किया। वही प्राचार्य टी. कुमार ने भी भी खेल और खेल भावना की चर्चा करते हुए खेल और शिक्षा को एक-दूसरे का पूरक बताते हुए आगे भी खेलकूद संबंधित आयोजन निरंतर करते रहने की बात कही।

हिन्दुस्तान
www.livehindustan.com
जमशेदपुर रविवार 23 फरवरी 2025 | 03

# फुटबॉल में स्वर्णरेखा हाउस विजेता



विजेता टीम को ट्रॉफी देते निदेशक मनोज कुमार झा।

चाईबासा। इस्टीम पब्लिक स्कूल के इंटर हाउस फुटबॉल टूर्नामेंट में स्वर्णरेखा एवं क्रिकेट में दामोदर हॉउस की टीम विजेता बनी। बतौर मुख्य अतिथि इस्टीम ग्रुप ऑफ स्कूल्स के निदेशक डॉ. मनोज झा एवं विशिष्ट अतिथि के तौर पर उप निदेशक गौरव झा, ज्योत्सना झा और मैथिली झा उपस्थित रहीं।

फुटबॉल में स्वर्णरेखा और यमुना हाउस के बीच खिताबी मुकाबला खेला गया, जिसमें स्वर्णरेखा ने दो गोल दाग कर विजेता का खिताब जीता। यमुना हाउस एक ही गोल कर सका। वहीं, क्रिकेट के फाइनल में कप्तान गौरव पाठक और मानिक देवगम के प्रदर्शन के बल पर दामोदर हाउस की टीम ने 10 ओवर में 88 रन बनाए। दामोदर हाउस की टीम ने 17 गेंद शेष रहते ही मुकाबले अपने नाम कर लिया। मुख्य अतिथि डॉ. मनोज झा, गौरव झा एवं प्राचार्य टी. कुमार ने विजेता और उपविजेता टीम को ट्रॉफी व मेडल देकर सम्मानित। चेयरमैन डॉ. झा ने विद्यार्थियों के प्रदर्शन की प्रशंसा की। उपनिदेशक गौरव झा ने खेलकूद में सहभागिता को महत्वपूर्ण बताया। प्राचार्य टी. कुमार ने खेल और खेल भावना की चर्चा की।

झारखंड
दैनिक भास्कर, जमशेदपुर, रविवार, 23 फरवरी, 2025

# स्वर्णरेखा हाउस ने यमुना हाउस को हरा विजेता का जीता खिताब

चाईबासा| इस्टीम पब्लिक स्कूल में इंटर हाउस फुटबॉल एवं क्रिकेट के फाइनल मुकाबले में मुख्य अतिथि इस्टीम ग्रुप ऑफ स्कूल्स के निदेशक डॉ. मनोज कु. झा एवं विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपनिदेशक गौरव झा, ज्योत्सना व मैथिली झा उपस्थित रहीं। फुटबॉल मुकाबले में फाइनलिस्ट टीम स्वर्णरेखा हाउस और यमुना हाउस के बीच खिताबी मुकाबला खेला गया। जिसमें स्वर्णरेखा हाउस ने दो गोल दाग कर विजेता का खिताब अपने नाम कर लिया। पिछली बार की चैंपियन रही यमुना हाउस सिर्फ एक ही गोल कर पाई। वहीं क्रिकेट के फाइनल मुकाबले का रोमांच भी अपने चरम पर रहा। कैप्टन गौरव पाठक और ओपनर मानिक देवगम के शानदार प्रदर्शन के बल पर दामोदर हाउस की टीम ने निर्धारित 10 ओवर में 88 रनों का स्कोर खड़ा किया। टारगेट का पीछा करने उतरी दामोदर हाउस की टीम के हीटर गौरांग गिरि ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की उनके आउट होने के बाद रन की गति थोड़ी धीमी हो गई लेकिन 17 गेंद शेष रहते ही दामोदर हाउस की टीम ने 89 रन बनाकर मुकाबले को अपने नाम कर लिया। चेयरमैन डॉ. मनोज कुमार झा ने अपने वक्तव्य में विद्यार्थियों के प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुए जीत-हार को खेल के ही दो पहलू बताकर, निरंतर प्रयासरत बने रहने की बात कही। उपनिदेशक गौरव झा ने सभी को संबोधित करते हुए मन के साथ-साथ शरीर को स्वस्थ रखने हेतु खेलकूद में सहभागिता को महत्वपूर्ण बताते हुए टीमवर्क व अनुशासन की महत्ता को रेखांकित किया। वहीं प्राचार्य टी. कुमार ने खेल और शिक्षा को एक-दूसरे का पूरक बताते हुए आगे भी खेलकूद संबंधित आयोजन निरंतर करते रहने की बात कही। समापन समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. मनोज कुमार झा, गौरव झा एवं प्राचार्य टी. कुमार द्वारा विजेता व उपविजेता टीमों को ट्रॉफी देकर व मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। आयोजन को सफल बनाने में सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं, शिक्षकेतर कर्मचारियों और विद्यार्थियों का सहयोग सराहनीय रहा।

# फुटबॉल में सुवर्णरिखा व क्रिकेट में दामोदर हाउस विजेता

- इस्टिम पब्लिक स्कूल में इंटर हाउस क्रिकेट व फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित



विजेता टीम को पुरस्कृत करते निदेशक.

संवाददाता, चाईबासा

इस्टिम पब्लिक स्कूल में इंटर हाउस फुटबॉल एवं क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया. इसका फाइनल मुकाबला सोमवार को खेला गया. इसमें बतौर मुख्य अतिथि इस्टीम ग्रुप ऑफ स्कूल के निदेशक डॉ मनोज झा एवं विशिष्ट अतिथि के तौर पर उप निदेशक गौरव झा, ज्योत्सना झा व मैथिली झा उपस्थित रहीं.

फुटबॉल का फाइनल मुकाबला स्वर्णरिखा हाउस और यमुना हाउस के बीच खेला गया. इसमें स्वर्णरिखा हाउस ने दो गोल दागकर विजेता का खिताब अपने नाम कर लिया. वहीं पिछली बार का चैंपियन रहा यमुना हाउस सिर्फ एक ही गोल कर सका. क्रिकेट का फाइनल मुकाबला भी काफी रोमांचक रहा. कैप्टन गौरव पाठक और ओपनर मानिक देवगम के शानदार प्रदर्शन के बल पर स्वर्णरिखा हाउस की टीम ने निर्धारित 10 ओवर में 88 रनों का स्कोर खड़ा किया.

टारगेट का पीछा करने उतरी दामोदर हाउस की टीम के हीटर गोरांग गिरि ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की. उनके आउट होने के बाद रन की गति थोड़ी धीमी हो गई. पर 17 गेंद शेष रहते दामोदर हाउस की टीम ने 89 रन बनाकर मुकाबले को अपने नाम कर लिया.

**जीत-हार खेल के दो पहलू, प्रयासरत रहें : डॉ मनोज**

पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि डॉ मनोज झा, गौरव झा एवं प्राचार्य टी कुमार द्वारा विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी व मेडल पहनाकर सम्मानित किया. मौके पर श्री झा ने कहा कि जीत-हार खेल के दो पहलू हैं. निरंतर प्रयास करते रहें.